# ओलावृष्टि प्रभावित गांवों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

## फसल नुकसान का लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने आज सेवढ़ा विकासखंड के ग्राम मलियापुरा, बाड़ोखरी एवं पोरसा खुर्द में हाल ही में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने प्रभावित ग्रामों के खेतों में पहुंचकर गेहूं की फसल की स्थिति का अवलोकन किया।उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा फसल नुकसान की जानकारी प्राप्त की।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल नुकसान का सर्वे कार्य शीघ्रता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूर्ण किया जाए, जिससे प्रभावित किसानों को शासन द्वारा समय पर राहत उपलब्ध कराई जा सके।उन्होंने प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया कि शासन उनकी हर संभव सहायता करेगा तथा किसी भी पात्र किसान को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

### सेन समाज की बैठक आयोजित

**इंदरगढ़।** संत शिरोमणि सेन महाराज की आगामी 14 अप्रैल को मनाई जाने वाली जयंती के आयोजन को लेकर सेन समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक ग्वालियर रोड स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में संपन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं विभिन्न वार्डों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष जयंती समारोह को भव्य एवं आकर्षक रूप में मनाया जाएगा। बैठक के दौरान कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा तैयार कर विभिन्न जिम्मेदारियां पद अधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सौंपी गई, ताकि आयोजन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# आने वाले गेंहूॅ की रोकथाम हेतु नाके स्थापित

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** आगामी 15 अप्रैल 2026 से समर्थन मूल्य पर प्रारंभ होने वाले गेंहूॅ उपार्जन के दौरान निकटवर्ती राज्यों से आने वाली उपज की रोकथाम हेतु कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखड़े द्वारा आदेश जारी जिले में पांच स्थानों पर नाके स्थापित किये। उक्त स्थानों पर उन्होंने पुलिस बल के साथ राजस्व निरीक्षक एवं मंडी निरीक्षक की ड्यूटी भी लगाई है। स्थापित नाकों में उनाव, चिरूला, सिकंदरा, विच्छोंदना एवं भाण्ड़ेर शामिल है।

## गेंहूॅ उपार्जन हेतु स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर जिले में समर्थन मूल्य पर होने वाले गेंहूॅ के उपार्जन में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित कर अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। जिन अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है उनमें राजेश जाटव कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मो.नं. 6261732953, प्रवेश गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर मो.नं. 6264568521, कमलेश कुशवाहा ऑपरेटर एमपीएससीएसी मो.नं. 9302046591, जितेन्द्र कुमार सेन ऑपरेटर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मो.नं. 9009712111 के शामिल है।

### संभाग स्तरीय अंतर विभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता तीन खिलाडियों का चयन

दतिया । 12 वीं संभाग स्तरीय अंतर विभागीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता गुना में आयोजित की गई । उक्त प्रतियोगिता में दतिया के चार सदस्यीय दल ने सहभागिता की ।प्रतियोगिता में किए गए अपने शानदार प्रदर्शन के आधार पर तीन खिलाडियों का चयन अंतर विभागीय राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता हेतु हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में श्रीमति अलका त्रिपाठी, पंकज खरे एवं प्रवीण राजौरिया का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है।

# 27 को मनेगा गो सम्मान दिवस, निकलेगी जागरूकता रैली

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** क्षेत्र में गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत 27 अप्रैल को गो सम्मान दिवस पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रातः पथनवाली माता मंदिर, रामगढ़ रोड भांडेर से गौमाता के सम्मान में प्रवचन, जन जागरूकता यात्रा, नगर भ्रमण एवं प्रार्थना पत्र कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा समस्त नगरवासियों एवं गौ प्रेमियों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने हेतु जनसमर्थन जुटाना है। इसके अंतर्गत भांडेर तहसील ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार, प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जाएगी। आयोजकों का कहना है कि यह अभियान केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि श्भारतीय संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण से भी जुड़ा हुआ है। इसी कड़ी में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्ड क्रमांक 2 भांडेर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं एवं गौ प्रेमियों ने घर-घर जाकर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दी और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा गया और लोगों ने भी इस अभियान के प्रति सकारात्मक रुचि दिखाई। कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### डायल-112 टीम ने हादसे में घायलों की बचाई जान

**भोपाल, 10 अप्रैल.** डायल-112 ने एक बार फिर आपात स्थितियों में अपनी विश्वसनीयता साबित करते हुए मंदसौर जिले में सड़क दुर्घटना में घायल यात्रियों को सुरक्षित बचाया. 8 अप्रैल को भोपाल स्थित राज्य पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि दलौदा थाना क्षेत्र के लकमा खेड़ी के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गया है. सूचना में बताया गया कि चार बच्चों सहित करीब 10 यात्री घायल हुए हैं.

# मेला एवं दंगल का सेंवढ़ा विधायक ने किया उद्घाटन



**नवभारत न्यूज**
**दतिया/इंदरगढ़, 10 अप्रैल।** हर वर्ष की भांति सेंवढा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सुखदेव पुरा मे कुंवर महाराज के स्थान पर मेला का आयोजन किया गया इस अवसर पर यहाँ विशाल दंगल का आयोजन भी किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल सम्मिलित हुये , उन्होंने सर्वप्रथम कुंवर महाराज के दर्शन किये तदुपरांत मेले का भ्रमण किया मेले में व्यापारियों द्वारा लगभग सभी घरेलु उपयोगी वस्तुओं एवं खानपान जैसे टिकिया चाट मोमोस चाऊमीन सोफ्टी, आईस क्रीम आदि की दुकानें सजाई गईं । विधायक अग्रवाल दंगल में पहुँचे जहां उन्होंने हनुमानजी के चित्र पर माल्यार्पण किया, इस अवसर पर हरीसिंह कुशवाह, खेमराज सिंह कुशवाहा, जयेन्द्र सिंह कुशवाहा ने विधायक श्री अग्रवाल का माल्यार्पण, शॉल श्रीफल देकर स्वागत किया , विधायक ने फीता काटकर कुश्तीयों का शुभारंभ किया और उन्होंने पहलवानों के हाथ मिलवाकर कुश्ती की शुरुआत कराई । इस अवसर पर विधायक श्री अग्रवाल के साथ रामवहादुर सिंह गुर्जर, संतोष खटीक, राघवेंद सिंह गुर्जर, बबलू गुर्जर, राजकुमार परिहार, संजीव सिंह गुर्जर के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# देहदान महादान सबसे बड़ा दान : डॉ शिव सिंह



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया में आज मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार अंगदान/ देहदान महादान विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जयश्री त्रिवेदी ने की तथा विद्यार्थियों को अंगदान/ देहदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. सीमा सिंह ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए अंगदान/ देहदान की महत्ता को समझने तथा इसका प्रचार प्रसार करने के लिए जागरूक किया। डॉ. शिवसिंह ने विभिन्न उदाहरणों स्थानीय एवं राष्ट्रीय उदाहरणों के माध्यम से अंगदान के लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ के. एस. दादौरिया जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने भी विद्यार्थियों को अंगदान महादान के अभियान से स्वैच्छिक रूप से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दीपिका कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अरविंद यादव ने किया। डॉ. नाज़िश शेख लेफ्टिनेंट एनसीसी ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. प्रतिभा पाण्डेय, डॉ. रजनी सिंह, डॉ. अभय राहुल, डॉ. पुनीत पाण्डेय, डॉ. दुष्यंत यादव, डॉ ब्रजेश, डॉ. प्रबल राहुल, डॉ. मनीष सहित समस्त महाविद्यालय स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में स्वयंसेवक/कैडेट्स/ छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# गौरव के साथ लूट करने वाले आरोपी को हुआ 7 वर्ष का कारावास

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** न्यायाधीश राजेश भंडारी ने अपने न्यायालय में लंबित मामले शासन विरुद्ध पहलवान आदि में निर्णय पारित करते हुए आरोपी प्रवेश रावत को धारा 392 भारतीय दंड संहिता एवं धारा 11/13 मध्य प्रदेश डकैती व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में दोषी पाते हुए 7 वर्ष के सश्रम करवा एवं 5000 की अर्थ दण्ड की सजा सुनाई

मामले में शासन की ओर से पैरवी करता अतिरिक्त लोक अभियोजक अरुण कुमार लिटोरिया ने बताया की घटना दिनांक 27 मई 2023 को फरियादी गौरव कुशवाहा अपनी बुआ पार्वती कुशवाहा को ग्राम पठारी से उनके गांव ग्राम गढ़ पहाड़ जा रहा था जैसे ही उसकी मोटरसाइकिल ग्राम जौन्हार तरफमरई माता मंदिर के पास पहुंची तभी सुबह लगभग 9:30 बजे एक प्लैटिना मोटरसाइकिल पर तीन लोग सवार होकर आए और फरियादी गौरव की मोटरसाइकिल के सामने प्लैटिना मोटरसाइकिल अड़ाकर उन्होंने फरियादी की मोटरसाइकिल को रोक लिया तथा फरियादी गौरव से इसका टच मोबाइल छीन लिया और उन्हें मोटरसाइकिल से पटक कर उनकी मोटरसाइकिल को भी छीन लिया तथा उसके मोबाइल एवं मोटरसाइकिल को लूटकर भाग गए उक्त घटना की रिपोर्ट फरियादी गौरव कुशवाहा ने थाना बड़ोनी में जाकर लेख कराई तथा पुलिस को यह भी बताया कि वह बदमाशों को सामने आने पर पहचान लेंगे पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी गण पहलवान उर्फ परविंदर रावत पुत्र कल्याण सिंह रावत निवासी ग्राम मड़ैयन थाना बड़ोनी तथा वीरेंद्र रावत पुत्र खेमराज रावत निवासी ग्राम पपरेडू थाना करेरा जिला शिवपुरी तथा प्रवेश रावत पुत्र महेंद्र रावत निवासी ग्राम पपरेडू थाना करेरा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार किया तथा उनके धारा 27 साक्ष्य अधिनियम के तहत मेमोरंडम कथन लिए एवं फरियादी से उनकी शिनाख्ती करवाई तत्पश्चाप विवेचना पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष चालान प्रस्तुत किया सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने नौ गवाहों के कथन कराये गये अंत में माननीय विशेष न्यायाधीश राजेश भंडारी ने अंतिम तर्क श्रवण कर निर्णय पारित करते हुए आरोपी प्रवेश रावत को धारा 392भारतीय दंड संहिता एवं धारा 11 /13 मध्य प्रदेश उकैती व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई एवं 5000 का अर्थदण्ड अधिरोपित किया शेष आरोपी गढ़ के निर्णय पूर्व में न्यायालय द्वारा पारित किया जा चुका है उसे समय आरोपी प्रवेश रावत फरार था इसलिए उसका विचारण नहीं हो सकता था ।

# कुएं में गिरे बैल को समाजसेवियों ने बाहर निकाला



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** ग्राम डगराई, जिला दतिया के अंतर्गत एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई, जहाँ गांव के बीच स्थित एक कुएं में नंदी महाराज पिछले 3-4 दिनों से गिरे पड़े थे। हैरानी की बात यह रही कि इतने समय तक न तो किसी ग्रामीण ने ध्यान दिया और न ही किसी प्रकार की मदद के लिए आगे आया।जैसे ही इस घटना की सूचना सदस्य को मिली, उन्होंने बिना देर किए मानवता का परिचय देते हुए तत्काल 20-25 युवाओं के साथ मौके पर पहुँचकर रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कुएं में फंसे नंदी महाराज को बाहर निकालना आसान नहीं था। करीब 4 से 5 घंटे तक लगातार चले कठिन रेस्क्यू ऑपरेशन में टीम ने अथक मेहनत, साहस और समर्पण का परिचय दिया। अंततः कड़ी मशक्कत के बाद नंदी महाराज को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे सभी ने राहत की सांस ली।इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वालों में प्रमुख रूप से गौसेवक अनिल, संग्राम यादव, गो सेवक कृष्ण शर्मा गो सेवक अमित दुबे, दुर्गेश तिवारी, अनु शर्मा, अभिषेक तिवारी सहित पूरी टीम का सराहनीय योगदान रहा। यह घटना समाज के लिए एक बड़ा संदेश भी छोड़ती है कि गौवंश और नंदी महाराज की सेवा केवल जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि हमारा धर्म भी है।

### संविधान निर्माता पर अभद्र टिप्पणी, कुक्षी में प्रकरण दर्ज

**धार, 10 अप्रैल.** जिले के कुक्षी क्षेत्र में सोशल मीडिया पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, भारतीय संविधान और पुलिस प्रशासन के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है.पुलिस सूत्रों के अनुसार इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए कुक्षी निवासी संजय परसाई ने डॉ. अंबेडकर, संविधान और पुलिस प्रशासन के लिए आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया. इस संबंध में स्क्रीनशॉट और लिंक साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किए गए. शिकायत जयस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रविराज बघेल द्वारा दर्ज कराई गई, जिसमें कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणी से सामाजिक और धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं.

# अपहरण की घटना का खुलासा 02 आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** घटना का संक्षिप्त विवरण: देते हुये टीआई कोतवाली धीरेंद्र मिश्रा ने बताया की 09.अप्रेल 2026 को समय लगभग 15:00 बजे फरियादी विजय रावत पुत्र कालका प्रसाद रावत, उम्र 21 वर्ष, निवासी पाली पमारी थाना बडौनी, जिला दतिया द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपीगण बंटी उर्फ हमीद खाँ, छोटू उर्फ प्रतिपाल रायकवार, राजपाल मांझी एवं जितेन्द्र कोरी द्वारा उसे गंदी-गंदी गालियां दी गईं, मारपीट की गई तथा उसका कम्प्यूटर, एवं लैपटॉप तोड़ दिया गया। इसके पश्चात आरोपियों ने जबरन उसे बोलेरो वाहन में बैठाकर अपहरण कर लिया तथा रास्ते में उसके कान के पास कट्टा अड़ा दिया।उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 150/26 धारा 296(बी), 115(2), 324(4), 140(3), 3(5), 351(3) बीएनएस एवं 11, 13 एमपीडीपीके एक्ट तथा 25(1)(बी) आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहरण की घटना में शामिल 02 आरोपियों को महज चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में प्रयुक्त हथियार एवं बोलेरो वाहन को भी जब्त किया गया है।गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए निम्न आरोपियों को गिरफ्तार किया गया:छोटू उर्फ प्रतिपाल पुत्र आत्मप्रकाश मांझी (रायकवार), निवासी भाण्डेरी फाटक, दतिया हमीद उर्फ बंटी खाँ, निवासी रानीपुरा, पण्डा की नरिया, दतिया पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया। उन्होंने फरियादी के साथ गाली-गलौज, मारपीट, तोड़फोड़ एवं जबरन अपहरण कर कट्टा अड़ाने की घटना को स्वीकार किया।आरोपी छोटू उर्फ प्रतिपाल मांझी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस विधिवत जब्त किया गया। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं।

# निर्माण कार्यों को पूर्ण करने व वर्षा पूर्व नाले की साफ सफाई करने के लिए सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़, 10 अप्रैल।** नगर परिषद इंदरगढ़ के वार्ड नंबर दस एवं ग्यारह में सीसी सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने एवम् नाला निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने को लेकर पार्षद प्रतिनिधि कमल कुशवाह ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह को ज्ञापन सौंपकर सभी प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है इस मौके पर मंडेलिया शिवरामन सिंह राठौर राकेश खटीक उपस्थित रहे ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद प्रतिनिधि ने मांग की है कि परिषद् द्वारा करीब पांच करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एस डी आर एफ योजना से बनने वाले नाले को जिसकी निविदा आहूत होने के बाद एग्रीमेंट हो चुका है बावजूद इसके अब तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है साथ ही वार्ड दस और ग्यारह के निवासियों को जल भराव से मुक्ति दिलाने नाले की साफ सफाई करने के लिए जेसीबी मशीन के माध्यम से साफ सफाई कराई जाए। ज्ञापन प्राप्त करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय बहादुर सिंह ने आश्वस्त किया कि वार्ड समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ कराया जाएगा .

### एसटीएफ ने हैरी बॉक्सर को किया गिरफ्तार

**भोपाल, 10 अप्रैल.** मध्यप्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हैरी बॉक्सर गैंग के मुख्य सदस्य प्रदीप शुक्ला को मुरैना जिले से गिरफ्तार किया है. आरोपी पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था.यह कार्रवाई अशोकनगर, इंदौर, भोपाल और खरगोन जिलों में हुए संगठित अपराधों की जांच के तहत की गई.

# जटिल प्रसूति केस में मां-बच्चे की बची जान



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय, दतिया के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में एक अत्यंत जटिल केस को सफलतापूर्वक संभालते हुए चिकित्सकों की टीम ने मां और नवजात दोनों की जान बचाई।रूबी (पत्नी शिवम) को 24 मार्च 2026 को भर्ती किया गया। मरीज दूसरी गर्भावस्था में थी और पूर्व में सिजेरियन हो चुका था। भर्ती के समय 'स्कार टेंडरनेस' के कारण ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर द्वारा तुरंत सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के तुरंत बाद की अवधि में मरीज की हालत शुरू में स्थिर थी। मरीज की स्थिति अचानक बिगड़ने लगी और वह 'रिफ्रैक्टरी शॉक' (दवाओं का असर न होना) की स्थिति में चली गई। जिसकी सूचना प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता यादव को दी गई और जांच के बाद आंतरिक रक्तस्राव और 'ब्रॉड लिगामेंट हेमेटोमा' की आशंका को देखते हुए प्रो. डॉ. श्वेता यादव, (विभागाध्यक्ष प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग) ने तत्काल 'री-लैपरोटॉमी' (दोबारा ऑपरेशन) का साहसिक निर्णय लिया।ऑपरेशन के बाद मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया, जहाँ उसे वेंटिलेटर और इनोट्रोपिक सपोर्ट (ब्लड प्रेशर बनाए रखने वाली दवाएं) पर रखा गया। डॉ. श्वेता यादव, डॉ. दिनेश सिंह तोमर (फिजिशियन), डॉ. रवनीत सिंह (एसोसिएट प्रोफेसर, एनेस्थीसिया) के साथ प्रसूति, एनेस्थीसिया और मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों के संयुक्त प्रबंधन व निरंतर निगरानी से मरीज की स्थिति में सुधार हुआ और 10वें दिन मरीज और नवजात शिशु को स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज किया गया।

### कृति सेनन ने पुलिस की सराहना की

**भोपाल .** अभिनेत्री एवं संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की गुडविल एंबेसडर कृति सेनन ने भोपाल के महिला थाने में मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा आयोजित सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम में भाग लेते हुए राज्य के जनोन्मुखी पुलिसिंग मॉडल की सराहना की.इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों और वंचित वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामुदायिक पुलिसिंग के प्रयासों को रेखांकित करना था. इसमें सामाजिक संगठनों, सर्वाइवर महिलाओं, छात्रों और बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे यह एक बहुआयामी और प्रभावशाली पहल बन गई. कार्यक्रम में 'आरंभ' की अर्चना सहाय और 'संगिनी' की प्रार्थना मिश्रा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सामाजिक मुद्दों पर अपने विचार साझा किए. एक भावनात्मक सत्र के दौरान 'नाता प्रथा' और अन्य प्रकार के उत्पीड़न से प्रभावित महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए.बीएसएस कॉलेज के 'मयार ग्रुप' द्वारा नशा और बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया. वहीं झुग्गी बस्तियों के बच्चों ने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया.

# अतिक्रमण से नाले चौक, घरो में भरा पानी



**नवभारत न्यूज**
**इंदरगढ़।** इन्दरगढ मे कामद सोड पर अतिक्रमण से मेन नाले चौक हो चुके है इससे गलियों की नालिया भी बंद हो चुकी है इस कारण मच्छर बहुद अधिक हो जाने से डेंगू हो ने का खतरा बड रहा है नाले के कारण कामद रोड के मकानो के चारो ओर भरने से मकानों मे पानी बेठ रहा है उससे मकान गिरने का खतरा बड़ सकता है।



# जिला अस्पताल में पक्षियों के दाना-पानी के लिए लगाए सकोरे

**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** गर्मी की शुरुआत के साथ ही बेजुबान पक्षियों के सामने दाना-पानी का संकट गहराने लगता है। इसी संवेदनशीलता को समझते हुए जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों और स्थानीय समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की। अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे लगाए गए हैं, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।

सिविल सर्जन डॉ. के.सी. राठौड़, आरएमओ डॉ. दिनेश सिंह तोमर और वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जगराम मांझी ने समाजसेवियों के साथ मिलकर यह अभियान शुरू किया। विभिन्न स्थानों पर सकोरे बांधकर उनमें पानी और दाना रखने की व्यवस्था की गई है। अभियान की शुरुआत करते हुए डॉ. के.सी. राठौड़ ने कहा कि बढ़ते तापमान के कारण प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ता है। ऐसे में हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने घर और आसपास के स्थानों पर दाना-पानी की व्यवस्था करे।डॉ. दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि अस्पताल परिसर में हनुमान जी मंदिर, ब्लड बैंक, एनआरसी, खाती बाबा मंदिर और मैटरनिटी वार्ड के बाहर लगे छायादार पेड़ों पर सकोरे लगाए गए हैं। इन सकोरों में नियमित रूप से पानी भरने और अनाज डालने की जिम्मेदारी भी तय की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे भी अपने घरों की छत और बालकनी में सकोरे रखकर इस मुहिम से जुड़ें।

# मोदी और मोहन सरकार में समाज के हर तबके को मिला सम्मान : पीताराम



**नवभारत न्यूज**
**दतिया, 10 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी ने 'बस्ती चलो अभियान' और 'ग्राम/बस्ती चौपाल' कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन अभियानों के तहत भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर तथा चौपाल लगाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई। बसई भाजपा मण्डल अध्यक्ष पीताराम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी और मोहन सरकार में समाज के हर तबके को सम्मान मिला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों को बिना किसी परेशानी के सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, और इसके लिए किसी तीसरे या दलाल की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

उन्होंने 'सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' को पार्टी का संकल्प बताया। इस कार्यक्रम में सभासद अजय कुमार गर्ग, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया, सभासद अनिमेष अगसतीन, दीपक गोयल, हिमांशु गोयल, परमानंद सैनी, अनुराग तोमर, गगन प्रजापति, हैप्पी वर्मा, कपिल शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इसी क्रम में, गुलावठी ग्रामीण मण्डल के गांव खुशहालपुर में 'ग्राम/बस्ती चौपाल' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बुलंदशहर के जिला महामंत्री दीपक दुल्हैरा मुख्य अतिथि रहे।उन्होंने ग्रामवासियों के साथ योगी-मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। खुशहालपुर कार्यक्रम के संयोजक सुरेन्द्र धनकड़ रहे, जबकि ग्रामीण भाजपामण्डल अध्यक्ष हरिओम डागर ने अध्यक्षता की और मण्डल महामंत्री मुदित मोहाना ने संचालन किया। इन अभियानों का उद्देश्य पार्टी की नीतियों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रत्येक परिवार तक पहुंचाना था, जिसके लिए कार्यकर्ताओं ने व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया।